भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1541

28 जुलाई, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुष चिकित्सा प्रणालियों को बढ़ावा देना

1541. श्री टी.आर.वी.एस. रमेश:
डॉ. एम.के. विष्णु प्रसाद:
श्री राजन बाबूराव विचारे:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार इस तथ्य से अवगत है कि ठाणे, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में आबादी का एक बड़ा हिस्सा चिकित्सा की पारंपरिक प्रणालियों पर निर्भर है;

(ख) यदि हां, तो ठाणे, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में आयुर्वेद और आयुष चिकित्सा की अन्य प्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रयासों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) ठाणे, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी पद्धति आदि से संबंधित स्थापित किए गए और स्थापना हेतु प्रस्तावित संस्थानों और प्रशिक्षण केंद्रों की संख्या कितनी है?

उत्तर

आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) और (ख): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करने की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है, जिससे ठाणे, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों सहित विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के लिए रोगियों को विकल्प मिलता है। हालाँकि, आयुष मंत्रालय राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना को कार्यान्वित कर रहा है और एनएएम दिशानिर्देशों के प्रावधान के अनुसार विभिन्न गतिविधियों के तहत, उनके द्वारा प्रस्तुत राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के अनुरूप उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करके आयुष चिकित्सा पद्धतियों के संवर्धन और विकास के लिए उनके प्रयासों का समर्थन कर रहा है, जिसमें ठाणे, महाराष्ट्र और तमिलनाडु सहित देश में आयुर्वेद पद्धति भी शामिल है। मिशन अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित गतिविधियों के लिए प्रावधान करता है:-

i. आयुष स्वास्थ्य एवं वेलनेस केंद्र
ii. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंदों (सीएचसी) और जिला अस्पतालों (डीएच) में आयुष सुविधाओं की सह-स्थापना
iii. मौजूदा एकल सरकारी आयुष अस्पतालों का उन्नयन

iv. मौजूदा सरकारी/पंचायत/सरकारी सहायता प्राप्त आयुष औषधालयों का उन्नयन/मौजूदा आयुष औषधालय (किराए पर/जीर्ण-शीर्ण आवास पर) के लिए भवन का निर्माण/उन क्षेत्रों में नए आयुष औषधालय की स्थापना के लिए भवन का निर्माण, जहां कोई आयुष सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं

v. 10/30/50 बिस्तरों तक के एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना

vi. राजकीय आयुष अस्पतालों, राजकीय औषधालयों और सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थागत आयुष अस्पतालों को जरूरी दवाइयों की आपूर्ति

vii. आयुष जन स्वास्थ्य कार्यक्रम

viii. व्यवहार परिवर्तन संप्रेषण(बीसीसी)

ix. राज्य और जिला स्तर पर गतिशीलता सहायता

x. आयुष ग्राम

xi. उन राज्यों में नए आयुष महाविद्यालयों की स्थापना जहां सरकारी क्षेत्र में आयुष शिक्षण संस्थानों की उपलब्धता अपर्याप्त है

xii. आयुष स्नातक-पूर्व संस्थानों का अवसंरचनात्मक विकास

xiii. आयुष स्नातकोत्तर संस्थानों का अवसंरचनात्मक विकास/पीजी/फार्मेसी/पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों को शामिल करना

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार एनएएम दिशानिर्देशों के अनुसार राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से प्रस्ताव प्रस्तुत करके वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकती है। इसके अलावा, एनएएम के तहत, आयुष मंत्रालय ने महाराष्ट्र और तमिलनाडु राज्य सरकार को एसएएपी के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, 2014-15 से अब तक विभिन्न गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए क्रमशः 84.39 करोड़ और 145.71 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता जारी की है।

(ग): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी आदि से संबंधित संस्थानों और प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार के कार्यक्षेत्र में आता है। हालाँकि, राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना के तहत, उन राज्यों में योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी आदि सहित नए आयुष कॉलेजों की स्थापना का प्रावधान है, जहां सरकारी क्षेत्र में आयुष शिक्षण संस्थानों की उपलब्धता अपर्याप्त है। इसके अलावा, एनएएम के तहत, महाराष्ट्र और तमिलनाडु राज्य सरकार से उनके एसएएपी के माध्यम से ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****